अत्यावश्यक

नगरपालिका आम/उप-निर्वाचन, 2025

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या - न.नि. 50-229/2022 - 2350

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा (भा.प्र.से.)
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
गृह विभाग, बिहार।
पुलिस महानिदेशक,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक - 29.5.25

विषय : नगरपालिका आम/ उप निर्वाचन, 2025 – व्यापक सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 2228 दिनांक 24.05.2025 एवं पत्रांक 3827 दिनांक 12.09.2022 तथा बिहार पुलिस मुख्यालय का पत्रांक 125 दिनांक 01.10.2022 (पत्र संलग्न)

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्रांक 2228 दिनांक 24.05.2025 द्वारा नगरपालिका आम/उप निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने का निदेश दिया गया है। जिसके अनुसार मतदान दिनांक 28.06.2025 एवं मतगणना दिनांक 30.06.2025 को निर्धारित है।

विदित है कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 के निमित्त स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति हेतु मापदण्ड संसूचित किये गये थे। उक्त मापदण्ड के अनुरूप नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गई थी। पुलिस प्रशासन के कुशल नेतृत्व एवं अनुश्रवण से नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 में मतदान शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि उक्त सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति हेतु मापदण्ड नगरपालिका आम निर्वाचन के सन्दर्भ में था। वर्तमान में छः नगर पंचायतों में आम निर्वाचन तथा शेष नगरपालिकाओं में उप निर्वाचन कराये जा रहे हैं। जब आम निर्वाचन होता है तो असामाजिक तत्त्व अपने-अपने क्षेत्र में व्यस्त रहते हैं, परन्तु कतिपय स्थान पर निर्वाचन होने से असामाजिक तत्त्व उन क्षेत्रों में एकजूट हो सकते हैं, जो निर्वाचन के संवेदनशीलता को प्रभावित कर सकते हैं।

उक्त परिप्रेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त आयोग का निदेश है कि –

(क) प्रत्येक भवन के आधार पर प्रतिनियुक्ति न कर प्रत्येक मतदान केन्द्र पर स्वतंत्र रूप से स्टैटिक 1 पदाधिकारी, 03 सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की जाय। जिलावार मतदान केन्द्रों की सूची संलग्न है।

29.5.25

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

(ख) होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति न कर जिला सुरक्षा बल की प्रतिनियुक्ति की जाय।

(ग) शेष मामलों में प्रासंगिक पत्रांक 3827 दिनांक 12.09.2021 एवं बिहार पुलिस मुख्यालय का पत्रांक 125 दिनांक 01.10.2022 के आलोक में नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025 को स्वतंत्र, स्वच्छ, भयमुक्त एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था संधारित करते हुये समुचित संख्या में सुरक्षा बल प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं कृत कार्रवाई से आयोग को अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक : 1. आयोग का पत्रांक 3827 दिनांक 12.09.2022
पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति करने के संबंध में।
2. पुलिस मुख्यालय का पत्रांक 125 दिनांक 01.10.2022
चुनाव के दौरान सामान्य तौर पर बलों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में।
3. जिलावार मतदान केन्द्रों की सूची।

विश्वासभाजन,
सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-229/2022 – 2350 पटना, दिनांक – 29.5.25

प्रतिलिपि, सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक **(नवादा, औरंगाबाद , शिवहर, दरभंगा, मधेपुरा, किशनगंज, शेखपुरा एवं जमुई जिला को छोड़कर)** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-229/2022 – 2350 पटना, दिनांक – 29.5.25

प्रतिलिपि, सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं सभी पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-229/2022 – 2350 पटना, दिनांक – 29.5.25

प्रतिलिपि, सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-229/2022 – 2350 पटना, दिनांक – 29.5.25

प्रतिलिपि, मुख्य सचिव, बिहार सरकार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव।

Nagarpalika General/ Bye Election, 2025

Districtwise No. of Polling Stations

Sl no	DistrictNameEn	Booth
1	ARARIA	2
2	ARWAL	1
3	BANKA	51
4	BEGUSARAI	7
5	BHAGALPUR	8
6	BHOJPUR	10
7	BUXAR	136
8	GAYA	88
9	GOPALGANJ	1
10	JAHANABAD	2
11	KAIMUR (BHABUA)	3
12	KATIHAR	10
13	KHAGARIA	5
14	LAKHISARAI	6
15	MADHUBANI	6
16	MUNGER	7
17	MUZAFFARPUR	2
18	NALANDA	4
19	PASCHIM CHAMPARAN	5
20	PATNA	74
21	PURNIA	2
22	PURVI CHAMPARAN	64
23	ROHTAS	31
24	SAHARSA	9
25	SAMASTIPUR	17
26	SARAN	39
27	SITAMARHI	2
28	SIWAN	27
29	SUPAUL	2
30	VAISHALI	4
	Total	**625**

29.5.25